# स्वस्थ स्कूल: माता-पिता के लिए टिप्स



नशारोधी शिक्षा अनुभाग, शिक्षा ब्यूरो द्वारा प्रकाशित http://www.edb.gov.hk/antidrugforparents जुलाई 2014 (3रा अंक)

## दवाओं की तस्करी में शामिल होते युवाओं की बढ़ती संख्या

चूंकि गर्मी की लंबी छुट्टियां पहले से आरंभ हो चुकी हैं, इसलिए हम माता-पिता को अपने बच्चों की देखभाल करने का पुरजोर सुझाव देते हैं क्योंकि खलनायक स्कूल की छुट्टियों के दौरान नशीली दवाएं लेने या दवाओं की तस्करी के लिए युवाओं को लुभाने विभिन्न हथकंडे अपनायेंगे। अपने बच्चों को इन बेकार कार्यों से बचाने के लिए, माता-पिता को उनके साथ और अधिक लाभप्रद गतिविधियों में शामिल होने तथा उनका प्रबंध करने के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश का बेहतर उपयोग करना चाहिए।

नशीली दवाओं के दुरुपयोग की केंद्रीय रजिस्ट्री (Central Registry of Drug Abuse) के अनुसार 2014 की प्रथम तिमाही में नशेड़ियों के मामलों की कुल संख्या 2013 की इसी अवधि की संख्या से 13% कम थी। तथापि, हांगकांग पुलिस से मिली नवीनतम जानकारी से स्पष्ट हुआ किखतरनाक नशीली दवाओं की तस्करी में गिरफ्तार किए गए 10-15 वर्ष आयु के युवकों की संख्या 2012 में 52 से बढ़कर 2013 में 95 हो गई थी जो 82% वृद्धि थी। अनेक युवाओं को तस्करों द्वारा गुमराह किया गया था कि 16 वर्ष से कम आयु का होने के कारण नशीली दवाओं की तस्करी या नशीली दवाओं के दुरुपयोग के लिए उनका विधिक उत्तरदायित्व वयस्कों की अपेक्षा बेहद कम था। उन्होंने सोचा कि उन्हें कारावास की सज़ा देने की बजाए प्रोबेशन अधिकारियों की निगरानी में केवल प्रोबेशन में रखा जाएगा। हालांकि तथ्य यह है कि हांगकांग के कानून के अनुसार नशीली दवाओं की तस्करी के दोषी व्यक्ति को $5,000,000 का जुर्माना और आजीवन कारावास की सज़ा का भागी होगा। इसलिए तस्करों को अवसर प्रदान करने की बजाए, माता-पिता को अपने बच्चों के व्यवहार पर ध्यान देना चाहिए, उनका मार्गदर्शन करना चाहिए और, उनका मार्गदर्शन करना चाहिए और उन्हें अच्छे संस्कार देने चाहिए।

### 16 वर्ष से कम आयु के लड़के का अदालती मामला जिसे 1.45 किग्रा किटामीन की तस्करी का दोषी पाया गया था

**नाम:** मिंग (अज्ञातनाम)

**आयु:** 15

**लिंग:** पुरुष



**मामला:**

खतरनाक नशीली दवा (1.45किग्रा किटामीन) की तस्करी

**सज़ा:**

8.5 वर्ष कारावास

मिंग के पास उसका "नया दोस्त" आया जिसने उससे पूछा कि क्या वो कुछ कीमती चाय की डिलवरी से धन कमाना चाहता था, जिसके लिए उसे $1,500 दिए जाएंगे। उसने ऑफर स्वीकार कर लिया और तत्काल उसे धन दे दिया गया। मिंग और उसके "नए दोस्त "ने शेउंग शुई में एक सबवे के भीतर एक ट्रेफिक कोन के नीचे से दो थैले एकत्रित किए। उसे एक थैला रखने और दूसरा बाद में किसी को देने के लिए कहा गया। उसके बाद उन्हें सादे कपड़े पहने हुए उत्पाद और सीमाशुल्क विभाग के अधिकारियों ने रोक लिया। उसके थैलों की तलाशी ली गई जिसमें 1.45 किग्रा किटामीन पाई गयी। जब मिंग को पकड़ा गया उस समय वो केवल 15 वर्ष का था। अपीली अदालत द्वारा दिए गए सज़ा संबंधी दिशानिर्देशों के अनुसार 1किग्रा से अधिक मात्रा में तस्करी करने पर 14 वर्ष से अधिक की सज़ा दी जाएगी। चूंकि मिंग को दोषी पाया गया था इसलिए उसे 8.5 वर्ष कारावास की सज़ा दी गई।

*स्रोत: हांगकांग के हाई कोर्ट के विशेष प्रशासनिक क्षेत्र का वेबपृष्ठ*

** 此內容不提供中文版本*

** इस भाग के लिए कोई चीनी संस्करण प्रदान नहीं किया है*




### नशीली दवा से संबंधित कानून में अधिकतम सज़ा

| गतिविधि | जुर्माना | कारावास |
|---|---|---|
| नशीली दवाएं रखना या उसका उपभोग करना | HK $1,000,000 | 7 वर्ष |
| नशीली दवाओं की तस्करी | HK $5,000,000 | आजीवन कारावास |
| खलरनाक नशीली दवाओं का निर्माण करना | HK $5,000,000 | आजीवन कारावास |
| नशीली दवाएं लेने के लिए पाइप और उपकरण आदि रखना | HK $10,000 | 3 वर्ष |

## युवाओं द्वारा नशीली दवाओं के दुरुपयोग की नवीनतम स्थिति


**स्रोत:** सेंट्रल सजिस्ट्री ऑफ ड्रग ऐब्यूज, नारकोटिक्स डिवीजन ऑफ सिक्योरिटी ब्यूरो (2014 की प्रथम तिमाही के आंकड़ें )

**21 वर्ष के कम आयु के नशेड़ियों के लिए नशीली दवाओं का दुरुपयोग करने के लिए स्थान**






- आंकड़ें **नशीली दवाओं का छिप कर दुरुपयोग करने** के बढ़ते रूझान के बारे में बताते हैं। अधिकांश युवा नशेड़ी घर पर नशीली दवाएं लेने का चुनाव करते हैं
- नए पता लगे नशेड़ियों द्वारा नशीली दवाओं का दुरुपयोग करने के समय 2008 में 1.9 वर्ष से बढ़कर 2014 की प्रथम तिमाही में 5.3 वर्ष हो गया है

आवास के डिस्ट्रिक्ट के अनुसार 21 वर्ष से कम आयु के पता लगे नशेड़ी




### नशीली दवाओं के दुरुपयोग के सामान्य प्रकार



### नशीली दवाओं के दुरुपयोग के कारण




**पहली बार नशीली दवा का दुरुपयोंग करने की औसत आयु**

| | |
|---|---|
| पुरुष | 15 वर्ष |
| महिला | 14 वर्ष |




## माता-पिता के लिए नशारोधी शिक्षा टिप्स

माता-पिता को अगर अपने बच्चों में निम्नलिखित संकेत/व्यवहार दिखाएं दें तो उन्हें समय रहते पेशेवरों का मार्गदर्शन तथा सहायता प्राप्त करनी चाहिए:

- स्कूल से अचानक अस्पष्टीकृत अनुपस्थितिऔर अकादमिक निष्पादन में पिछड़ना
- अक्सर देर रात तक बाहर रहना, घर से लंबे समय तक और अक्सर अनुपस्थित होना
- बार-बार और अधिक जेबखर्च की मांगे करना या घर से मूल्यवान वस्तुओं का गायब होना
- असामान्य रूप से लंबे समय तक अपने श्यनकक्ष/शौचालय में बैठे रहना या परिवार के सदस्यों से दूर रहना
- मूड में अचानक बदलाव, असामान्य जोश, कमजोर स्मरण शक्ति, श्राव्य और दृाश्वय भ्रम, शीघ्र क्रोध आना, बैचेनी और अव्यवस्थित नींद
- भूख में कमी, थकान, अस्पष्ट उच्चारण, धीमी प्रतिक्रिया
- उनके दोस्त भयभीत प्रतीत होते हैं और खिचड़ी भाषा में बात करते हैं
- उनके शरीर से दुर्गंध आना
- अज्ञात स्रोत से गोलियों और पाउडर का होना, खांसी की बोतलें, टिन फॉयल, प्लास्टिक की बोतले या दो स्ट्रा, असाधारण रूप से छोटे स्ट्रॉ आदि के साथ ड्रिंक के डिब्बों जैसे नशीली दवाओं की भरमार

**शांत रहे यदि आपको पता चलता है कि आपके बच्चे नशीली दवाएं ले रहे हैं**
**उनकी आलोचना न करें, उनकी बात सुनें और पेशेवरों की सहायता लें**



*स्रोत: नारकोटिक्स डिवीजन ऑफ सिक्योरिटी ब्यूरो*

# आप नशीली दवाओं के बारे में कितना जानते हैं

निम्नलिखित दो चीजें: टिशू का पैकेट और बैंकनोट एक समान दिखाई देते हैं, किंतु वास्तव में वे नशीली दवाओं से संबंधित होते हैं।




तस्वीर 1



तस्वीर 2


**तस्वीर 1 :**

कुछ नशेड़ी ऑरगेनिक सोल्वेंट को टिशू में सोख लेते हैं ताकि वे जरूरत होने पर इसके वाष्प को सूंघ सकें किंतु इनका पता लगाना आसान नहीं होगा।

**तस्वीर 2 :**

नशीली दवाओं (उदाहरणत: किटामीन) को बैंकनोट के साथ लपेट दिया जाता है। यह उन्हें और अधिक सुवाह्य बना देता है और लेनदेन बेहद आसानी से किया जा सकता है।

## सहायता चाहिए



| | |
|---|---|
| 186 186<br>नशारोधी पूछताछ सेवा | पेशेवर सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा 24 घंटे नशारोधी टेलीफोन सेवा होटलाइन संचालित की जाती है। यह नशीली दवाओं का सेवन करने वाले लोगों और उनके माता-पिता की सहायता करने का चैनल प्रदान करती है। |
| 98 186 186<br>तत्काल संदेश मंचों - WhatsApp, WeChat के माध्यम से नशारोधी पूछताछ सेवा | आप "98 186 186" पर संदेश भेजने के लिए दो मोबाइल फोन एप्लिकेशन का उपयोग कर सकते हैं। इस सेवा का संचालन पेशेवर सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा सलाह और सहायता प्रदान करने के लिए किया जाता है। |

## मन:पदार्थ का सेवापान करने वाले लोगों के लिए 11 सलाह केन्द्र

**तुग वाह ग्रुप ऑफ हस्पिटल्स - क्रॉस सेंटर**

सेंट्रल वेस्टर्न, साउदर्न एंड आइलैंड्स ऑफिस (सेंट्रल वेस्टर्न एंड आइलैंड्स डिस्ट्रिक्टस) टेली. : 2884 0282

ईस्टर्न एंड वानचाय ऑफिस (ईस्टर्न एंड वानचाय डिस्ट्रिक्टस) टेली. : 2884 0282

**हांगकांग लूथरान सोशल सर्विस**

एवरग्रीन लूथरान सेंटर (कुवान टोंग डिस्ट्रिक्ट) टेली. : 2712 0097

रेनबो लूथरान सेंटर (वोंग ताय सिन एंड साय कुंग डिस्ट्रिक्टस) टेली. : 2330 8004

चीअर लूथरान सेंटर (ताय पो एंड नोर्थ डिस्ट्रिक्टस) टेली. : 2660 0400

**हांगकांग क्रिश्चियन सर्विस**

PS33 - सिमशातसुई सेंटर (कोवलून सिटी एंड याऊ सिम मोंग डिस्ट्रिक्टस) टेली. : 2368 8269

PS33 - शाम शुई पो सेंटर (शाम शुई पो डिस्ट्रिक्टस) टेली. : 3572 0673

**हांगकांग चिल्ड्रन एंड यूथ सर्विस सेन सेंटर** (सेएन वान एंड कवायी सिंग डिस्ट्रिक्टस) टेली. : 2402 1010

**कारिटास हस्स सेंटर** (तुएन मुन डिस्ट्रिक्ट) टेली. : 2453 7030

**इवेंजलिकन लूथरान चर्च हांगकांग, एनलाइटन सेंटर** (यूएन लोंग डिस्ट्रिक्ट) टेली. : 2446 9226

**हांगकांग शेंग कुंग हुई वेल्फेयर काउंसिल नियो-होरिजोन** (शा टिन डिस्ट्रिक्ट) टेली. : 8202 1313



वेब संस्करण के लिए, स्वस्थ स्कूल पॉलिसी वेबपृष्ठ, शिक्षा ब्यूरो ब्राउज करें : http://www.edb.gov.hk/antidrugforparents